# यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में इन्वेस्ट यूपी पवेलियन बना आकर्षण का केंद्र, निवेशक व उद्यमी ले रहे जानकरी

***यूपीआईटीएस 2025: इन्वेस्ट यूपी, ओडीओपी और सीएम युवा स्टॉल पर उमड़ी निवेशकों, उद्यमियों और युवाओं की भीड़***

ग्रेटर नोएडा/लखनऊ, 27 सितंबर 2025: ग्रेटर नोएडा एक्सपो मार्ट में चल रहे **यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो (यूपीआईटीएस) 2025** में **इन्वेस्ट यूपी पवेलियन** व्यापारिक संवाद का प्रमुख केंद्र बनकर उभरा है। यह पवेलियन निवेशकों, उद्यमियों और **एमएसएमई** प्रतिनिधियों को आकर्षित कर रहा है, जो उत्तर प्रदेश में निवेश की संभावनाओं, क्षेत्रीय नीतियों, प्रोत्साहन योजनाओं, भूमि उपलब्धता और **ईज़ ऑफ डूइंग बिजनेस** से जुड़ी आवश्यक जानकारी प्राप्त करने के लिए यहाँ आ रहे हैं।

राज्य की निवेश प्रोत्साहन एजेंसी के रूप में, **इन्वेस्ट यूपी** राज्य में व्यवसाय स्थापित करने या विस्तार करने के इच्छुक लोगों को विशेष मार्गदर्शन प्रदान कर रहा है। इसके संवादात्मक सत्र और सक्रिय सहभागिता उत्तर प्रदेश की नवाचार, उद्यमिता और समावेशी विकास के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

25–29 सितंबर तक चल रहे इस ***यूपीआईटीएस*** के तीसरे संस्करण में, एक वैश्विक मंच के रूप में विकसित हुआ है, जो राज्य की औद्योगिक, सांस्कृतिक और उद्यमशीलता शक्ति को प्रदर्शित करता है। इसमें हजारों छोटे बड़े प्रदर्शक भाग ले रहे हैं, जिनमें राज्य सरकार की प्रमुख **एक जिला एक उत्पाद (*ओडीओपी*)** पहल विशेष आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। मिर्जापुर के कालीन, मुरादाबाद का पीतल, फ़िरोज़ाबाद का कांच का समान, कन्नौज का इत्र और बनारस की साड़ी जैसे उत्पाद अपनी उत्कृष्टता और बाज़ार अपील से दर्शकों को आकर्षित कर रहे हैं।

इसी प्रकार सीएम युवा **पवेलियन** युवाओं को व्यावहारिक बिज़नेस मॉडल, मेंटरशिप, फंडिंग और सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर प्रेरित कर रहा है। यह पवेलियन भविष्य के उद्यमियों के लिए लॉन्चपैड बनता जा रहा है।

---------------------------------------